मन्दिर की सम्पत्ति को अवैध रूप से विक्रय करने का आरोप, जताया विरोध

- ग्रामीणों ने की भूमि विक्रय पर रोक लगाने की मांग
- हिन्दू समाज के लोगों व ग्रामीणों में आक्रोश, आन्दोलन की दी चेतावनी

मन्दिर की सम्पत्ति को अवैध रूप से विक्रय करने का विरोध जताते ग्रामीण।

पावटा। कस्बा पावटा सुभाष चौक स्थित रामभवन में बने मन्दिर के संरक्षण तथा मन्दिर की संपत्ति को अवैध रूप से विक्रय होने का आरोप लगाते हुए उसे रोकने की ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है।

बताया है कि कस्बा पावटा सुभाष चौक स्थित रामभवन में भगवान श्रीराम का प्राचीन मन्दिर जो विक्रम संवत 2016 से कोटपुतली निवासी गौरी सहाय के सुपुत्र प्रभुदयाल पटवारी की धर्मपत्नी घोटी देवी ने धर्मार्थ दान किया था। मंदिर में पूजा-पाठ खेलना निवासी टीलावत परिवार के पूर्वज स्व.फकीर चंद टीलावत, सत्यनारायण टीलावत, महेश टीलावत करते आ रहे है। वही पूर्व पार्षद सांवर मल बंसल ने बताया कि मेरी बुआ घोटी देवी ने इसका निर्माण धर्मार्थ के लिए करवाया था। जिसमें राम मंदिर व बाहर से आए साधु संतों के ठहरने के लिए धर्मार्थ प्रयोग के लिए बनवाया था। प्रमुख त्यौहारों पर इसमें आयोजन होते थे। वही इसमें बनी दुकानों से आने वाले किराए से मंदिर का खर्चा चलता था। लोगों की नियत खराब हो गई है ज्यों धर्मार्थ के लिए दी गई भूमि की खरीद फरोख्त कर रहे है। इस धर्मार्थ के लिए दी गई भूमि का दानपत्र दादाजी बनवारी लाल द्वारा दिया हुआ है। ज्यों कि मेरे पास मौजूद है। उन्होंने बाहर जाने से पहले इसकी देखरेख का जिम्मा बड़ी बुआ को दिया था। मंदिर के नाम से लगभग 22 बिस्वा जमीन है। जिसमें 11 बिस्वा में मंदिर निर्माण है व 11 बिस्वा खाली भूमि है। जिसे राजस्व अधिकारियों के मिली भगत से स्टे होने के बावजूद अवैध तरीके से बेचा जा रहा हैं।

मंदिर की संपत्ति के मालिक स्वयं ईश्वर होते हैं। उसे कोई बेच नहीं सकता। यह सुप्रीम कोर्ट की भी राय है। परन्तु लालच में लोग मंदिर की संपत्ति को बेच रहे है। प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। ऐसे में सरकार मंदिर को सुरक्षा प्रदान करें। पावटा ठाम में स्थित रामभवन मंदिर पावटा सहित सत्ताइस क्षेत्र की जनता की भावना से जुड़ा है। इस मंदिर में पूरे वर्ष धार्मिक कार्य होते रहते है। धर्मार्थ के लिए दान की गई संपति व स्थान एक सामाजिक और जन संपति बन जाती हैं। जो पूर्ण रूप से धर्म, समाज और जनता को समर्पित होता हैं। ऐसा स्थान या भवन धर्मानुसार केवल जनोपयोगी कार्यों के लिए किया जा सकता है और किया जाना चाहिए। भामाशाह द्वारा जनता को समर्पित भवन व एक प्रसिद्ध मंदिर की भूमि और मंदिर को, उन देवी ओर दानवीरों, धर्मात्माओं के दूर के वंशज द्वारा भूमाफियाओं से मिल कर कुछ लोभ लालच में खरीद फरोख्त करने का प्रयास किया जा रहा है। जो कि पूर्णत: धर्म संगत नहीं हैं। यह पूरी तरह से हिंदू धर्म की मान्यताओं, परम्पराओं और समाज के खिलाफ है।

वहीं पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र विराटनगर जिला कोटपूतली बहरोड़ (राजस्थान)के कस्बा पावटा सुभाष चौक स्थित प्राचीन रामभवन व मंदिर पर भू माफियाओं द्वारा कब्ज़ा किया जा रहा है और इसमें कॉम्प्लेक्स बनाये जाने की योजना चल रही है। जो की सरासर ग़लत है । लेकिन जनता ऐसा नहीं होने देगी। वही उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री भारत सरकार अमित शाह, राजस्थान सरकार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व पुलिस प्रशासन से आग्रह किया कि पिछले कई दिनों से हमारे यहाँ भू माफ़ियाओ का आतंक बढ़ता जा रहा है। स्थानीय प्रशासन ने भू माफ़ियाओ के सामने घुटने टेक दिये हैं।

इसलिए रामभवन और मंदिर पर हो रहे कब्जे को तुरंत रोका जाए, भू-माफियाओं के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए, स्थानीय प्रशासन की निष्क्रियता की जाँच की जाए। अगर हमारी माँगे नहीं मानी गईं, तो क्षेत्र की जनता मजबूर होकर सड़क पर उतरेगी और बड़ा आंदोलन करेगी,और रामभवन को बचाने के लिए आखिरी दम तक संघर्ष करेगी।

स्कूल से घर लौट रही पांचवीं में पढ़ने वाली छात्रा की मौत

मालपुरा (निस) शहर के सदरपुरा रोड स्थित राजकीय स्वामी विवेकानन्द मॉडल स्कुल मे पढने वाली कक्षा पांच की छात्रा की मंगलवार को सदिग्ध परिस्थितियो मे हुई मौत के बाद पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनो को सौंपा। मृतक छात्रा के पिता लालाराम माली ने बताया कि उसकी बेटी गीता सैनी जो कि राजकीय स्वामी विवेकानन्द मॉडल स्कुल मालपुरा मे कक्षा पांच मे पढती थी। मंगलवार को विद्यालय की छुट्टी होने के बाद ऑटो से घर आते समय अचानक ऑटो मे ही अचेत हो गई। जिसे मालपुरा जिला अस्पताल मे भर्ति करवाया गया। जहां से हालत चिन्ताजनक होने पर प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रैफर किया गया। मालपुरा से जयपुर ले जाते समय बीच रास्ते मे ही चान्दसेन बांध के पास गीता ने दम तोड दिया। लालाराम ने बताया कि दोपहर मे दोनो भाई-बहिन ने एक साथ खाना खाया था। तब तक गीता का स्वास्थ्य स्वस्थ था। ऑटो मे बैठने के दौरान ही उसे अचानक बेहोशी छा गई। परिजनो ने गीता की मौत पर संदेह जताते हुये थाना पुलिस को सुचना दी। सुचना पर अस्पताल पहुंची थाना पुलिस ने परिजनो की और से दी सुचना के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की एवं डॉक्टर जीतराम मीणा, डॉ. राजेन्द्र चन्देल व डॉ. अमित सक्सेना तीनो चिकित्सको के संयुक्त मेडिकल बोर्ड से शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनो को सौंपा गया।

सार-समाचार

उपजिला कलक्टर व डीएसपी का सम्मान

पावटा। रानी रत्ना कुमारी फाउंडेशन द्वारा एवं फेडरेशन ऑफ हॉस्पिटेलिटी टूरिज्म राजस्थान व होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान और पर्यटन विभाग के सहयोग से शाहपुरा उपखण्ड क्षेत्र के आमजन को केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का समय पर लाभ मिल सकें। ऐसी व्यवस्था बनाने के लिए व जिला कलक्टर द्वारा संचालित रास्ता खोलो अभियान के तहत आजादी के पहले से बंद रास्तों के विवाद का निपटारा करकें आमजन को राहत दिलाने पर उप जिला कलक्टर संजीव कुमार खेदर का व शाहपुरा, मनोहरपुर व अमरसर क्षेत्र में चोरी ,डकैती, वारदातो पर अंकुश लगाने पर डीएसपी मुकेश चौधरी का होटल एन्ड रेस्टोरेंट एसोसिएशन राजस्थान सचिव अधिराज सिंह ने प्रतीक चिन्ह व तस्वीर भेंट कर सम्मान किया गया।

रामनवमी को लेकर बैठक आयोजित

टोंक। भारतीय जनता टोंक की जिला बैठक जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह की अध्यक्षता में जन संवाद केंद्र पर बैठक आयोजित हुई, जिसमें 6 अप्रेल को भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस व रामनवमी को टोंक शहर के मुख्य बाजार से निकलने वाली रामनवमी शौभायात्रा की तैयारी को लेकर एवं 14 अप्रेल को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती मनाने को लेकर चर्चा की। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने कहा कि आगामी 6 अप्रैल को जिले के सभी बूथो पर भाजपा स्थापना दिवस मनाया जाएगा, जिसके अन्तर्गत प्रत्येक घर पर सभी कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी का झण्डा लगाएंगे तथा सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन किया जाएगा। साथ ही कार्यकर्तागण ''गांव और बस्ती चलो अभियान'' के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संचालित गरीब कल्याणकारी योजनाओं को लेकर घर-घर जाएंगे। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पराना, दीपक संगत, बेनी प्रसाद जैन,विष्णु शर्मा, प्रभु बाडोलिया,रमेश गढ़वाल, ओमप्रकाश गुप्ता, शैलेन्द्र चौधरी, बबलू टैंकर, प्रधान काबरा, नीलिमा आमेरा, बीना छामुनिया, नंदलाल, कमलेश यादव, लोकेश गुप्ता, विष्णु चांवला, पंकज पहाड़िया, सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

फुले जयंती पर होंगे विभिन्न कार्यक्रम

पावटा। माता सुंदरी देवी सर्व समाज उत्थान समिति पावटा व माली/ सैनी महासभा पंचायत संस्था तहसील पावटा के तत्वावधान एवं पेंशनर समाज पावटा के मार्गदर्शन व सब्जी मंडी पावटा समस्त आढतिया एवं दुकानदारों के सौजन्य से 11 अप्रैल 2025 शुक्रवार को महात्मा ज्योतिबा फुले की 198वीं जयंती पावटा स्थित सब्जी मंडी प्रांगण में मनाई जायेगी। जानकारी देते हुए माता सुंदरी देवी सर्व समाज उत्थान समिति पावटा अध्यक्ष व सामाजिक कार्यकर्ता मोहनलाल माली व माली/ सैनी महासभा पंचायत संस्था तहसील पावटा अध्यक्ष पटेल रामसिंह सैनी, सचिव भीमराज सैनी, कोषाध्यक्ष बंशीधर सैनी ने बताया कि इस दौरान सबसे पहले महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती उत्सव कार्यक्रम का आयोजन होगा। उसके बाद बाइक वाहन रैली शोभायात्रा निकाली जाएगी ज्यों कि पावटा कस्बे के मुख्य मार्गो से होती हुई सब्जी मंडी प्रांगण पहुंचेगी। वही पावटा सब्जी मंडी स्थित डीपी हॉस्पिटल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर व सब्जी मंडी प्रांगण मे नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श जांच एवं दवा वितरण शिविर का आयोजन होगा।

पोस्टर व बैनर का विमोचन

शाहपुरा। जय फूले माली विकास जन सेवा समिति शाहपुरा जिला जयपुर के तत्वावधान में आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह के पोस्टर व बैनर का पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपने निवास स्थान जयपुर में विमोचन किया। समिति अध्यक्ष साधुराम सैनी व सचिव एडवोकेट मुकेश कुमार सैनी ने बताया कि 30 अप्रैल 2025 को त्रिवेणी धाम सैनी धर्मशाला में चतुर्थ सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन होगा जिसमें 15 जोड़ों का पंजीयन किया जा चुका है और सम्मेलन को लेकर अब तक तीन बार युवक युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया जा चुका है। कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर विवाह समिति द्वारा अलग-अलग कमेटी गठित कर गांव गांव प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इस दौरान प्रभु दयाल भंडारी, जय नारायण सैनी आमेर, राजस्थान प्रदेश माली महासभा के संगठन महामंत्री भवानी शंकर माली, संरक्षक संतोष सैनी डीजल चोमू, तहसील अध्यक्ष रामनारायण सैनी, मुख्य संयोजक बिरदी चन्द सैनी, प्रचार मंत्री राधेश्याम सैनी, बाबूलाल सैनी नवलपुरा, छाजुलाल सैनी अमरसर आदि समाज बंधु मौजूद रहे।

माली समाज की आम पंचायत आयोजित

टोंक। समाज टोंक की आम पंचायत सोमवार को अचलेश कुमार सैनी की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें समाज में व्याप्त सामाजिक कुरीतियों को लेकर चर्चा की गई। समाज ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि समाज में होने वाले मृत्यु भोज संबंधित कुरीति पर पाबंदी रखी जाये एवं सामाजिक कार्यक्रम में मर्यादित वस्त्र पहनने पर भी निर्णय लिया तथा समाज में विवाह आदि में होने वाले व्यर्थ खर्चों पर रोक लगाई जाये। जिससे समाज का विकास होगा, जो भी समाज की निर्णय की अवहेलना करेगा वो समाज का दोषी होगा। इस बैठक में आम पंचायत में रामप्रसाद बागड़ी कमलेश सिंगोदिया, रतिराम सैनी, सीताराम टांक, भंवर चन्दमावाला इंजी. भैरूलाल सैनी, समीर रानोली, राहुल पार्षद, पप्पू कच्छावा, विष्णु सैनी, कमलेश आदि समाज के गणमान्यजन मौजूद रहे।

हथकड़ शराब सहित महिला गिरफ्तार

टोंक। जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में वृत्ताधिकारी उनियारा रघुवीर सिंह भाटी व सोप थानाधिकारी देवेन्द्र सिह के नेतृत्व में गठित टीम ने कस्बा सोप मे मठ के पास कन्जर बस्ती रोड के पास से महिला शिमला देवी पत्नि हरेश जाति कंजर उम्र 40 साल निवासी कंजर बस्ती थाना सोप के कब्जे से एक प्लास्टिक की बोतल मे अवैध हथकड शराब करीब 02 लीटर को परिवहन करते हुए गिरफ्तार किया। जिसके विरुद्ध आबकारी अधिनियम मे प्रकरण पंजीबद्ध कर अनुसंधान जारी है।

दो युवक गंभीर घायल जयपुर रैफर

मालपुरा (निस) दूदू छाण स्टेट हाईवे पर मंगलवार की दोपहर ग्रामीण बालिका छात्रावास दूदू रोड के पास हुये सडक हादसे मे दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्है जयपुर रैफर किया गया। जानकारी मे सामने आया कि मंगलवार की दोपहर प्रतापपुरा निवासी गजराज उर्फ राजू पुत्र बजरंग लाल जाट सडक से गुजर रहा था। सामने से आ रही बाईक से भिंडत हो गई। हादसे मे बाईक चालक अरमान निवासी मालपुरा भी घायल हो गया। दोनो घायलो को मालपुरा जिला अस्पताल मे उपचार के लिये भर्ति करवाया गया। गजराज जाट के दोनो पांव मे फैक्चर व सिर मे गंभीर चोट के चलते तत्काल जयपुर रैफर किया। तो बाईक चालक अरमान के भी चेहरे पर गंभीर चोट के चलते प्राथमिक उपचार कर जयपुर रैफर किया।

पेट्रोल चोर गिरोह सक्रिय

मालपुरा (निस) मालपुरा शहर मे एक बार फिर पेट्रोल चोर गिरोह हुआ सक्रिय। तीन कारो से पेट्रोल चोरी की वारदात को दिया अंजाम। पिडित कार मालिक श्याम सुन्दर शर्मा ग्राम विकास अधिकारी ने बताया कि मंगलवार की अलसवेरे तकरीबन चार बजे बृजलाल नगर जय हनुमान कॉलोनी मे घर के बाहर उसकी कार के पास दो अन्य पडोसियो की भी दोनो गाडियां खडी थी। दो मोटरसाईकिलो पर सवार होकर आये युवको ने तीनो कारो से पेट्रोल चोरी की वारदात को अंजाम दिया। इसी दौरान महिलाओं की जाग हो जाने पर पेट्रोल चोर मौके से भाग छुटे। पिडित कार मालिको की सुचना पर पहुंची थाना पुलिस टीम ने घरो के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरो के फुटेज खंगाल हुलीया के आधार पर पेट्रोल चोरो की तलाश शुरू की।

भाजपा पेयजल उपलब्ध कराने का कोरा ढिंढोरा पीट रही : मिश्रा

अलवर। जिला कांग्रेस कमेटी, अलवर की आवश्यक मिटिंग होटल गोल्डन बाग में आयोजित की गई। प्रवक्ता रिपुदमन गुप्ता ने बताया कि मीटिंग के मुख्य अतिथि महासचिव, पूर्व केन्द्रीय मंत्री भंवर जितेन्द्र सिंह तथा अति विशिष्ट अतिथि नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, राजस्थान सह-प्रभारी चिरंजीव राव, उपाध्यक्ष व संभाग प्रभारी,पीसीसी महासचिव एवं अलवर संगठन प्रभारी फूल सिंह ओला थे जबकि अध्यक्षता कांठोस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने की।

पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि कांग्रेस के प्रत्येक छोटे-बड़े नेता को एक जाजम पर बैठना पड़ेगा, चुनाव परिणाम के पश्चात हार जीत पर विस्तृत चर्चा होनी चाहिए। कांग्रेस पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता की कोहिनूर हीरे की तरह एक पहचान है। उन्होंने कहा कि भाजपा पदाधिकारियों के जनता नाम तक नहीं जानती है। कांग्रेस पार्टी को पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के मान सम्मान का विशेष ध्यान रखना पड़ेगा, कांग्रेस पार्टी में पद का मतलब है जिम्मेदारी और ये जिम्मेदारी एक कांटो का ताज है जिसको निर्वहन करने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी।

एआईसीसी सचिव एवं राजस्थान प्रदेश के सह प्रभारी चिरंजीव राव ने कहा कि कार्यकर्ताओं का समर्पण ही कांग्रेस पार्टी की ताकत है। उन्होंने कहा कि उन्होंने पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह से राजनीति की बारीकियां सीखी है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष योगेश मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता रीड की हड्डी है, कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारि ब्लॉक,मंडल, ग्राम पंचायत एवं बूथ स्तर पर जाकर कार्य करेंगे। अग्रिम संगठनों को साथ लेकर कांग्रेस एक मजबूत पार्टी के रूप में उभर कर सामने आएगी। भारतीय जनता पार्टी राजस्थान प्रदेश के लोगों को पेयजल उपलब्ध कराने का कोरा ढिंढोरा पीट रही है। उन्होंने कहा कि ईआरसीपी और जेजेएम दोनों ही योजना धरातल पर पूरी तरह से नहीं उतर पाई है। पेयजल को लेकर पूरे प्रदेश में अभी त्राहि त्राहि होने वाली है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से पेयजल संकट से जूझ रही अलवर की जनता के लिए कांठोस पार्टी रणनीति के साथ प्रदर्शन करेगी।

बैठक में विधायक ललित यादव, दीपचंद खैरिया, कान्ति मीणा, मांगेलाल मीणा, पूर्व मंत्री श्रीमती शकुंतला रावत, पूर्व विधायक कृष्ण मुरारी गंगावत, पूर्व विधायक बलजीत यादव,अशोक कुमार सैनी, सुमन यादव, कांठोस प्रत्याशी इमरान खान, संजय यादव, आर्यव जुबेर, अजय अठावाल, उप जिला प्रमुख श्रीमती ललिता मीणा , बिजेन्द्र महलावत, गफूर खान, रोहिताश चौधरी, संजीव बारेठ, रिपुदमन गुप्ता, गिरिश डाटा, हिम्मत सिंह चौधरी, शारदा साद, कृष्णा शर्मा, जमशेद खान, गोपेश शर्मा, राम प्रकाश शर्मा, प्रशांत राजा, डालचंद आर्य, मनीष कोली हीरेन्द्र शर्मा, पंकज शर्मा , श्वेता सैनी, प्रधान विनोद कुमारी सागवान, बीपी सुमन,नसरू खान, ,ब्लॉक अध्यक्ष नरेंद्र सावित्री मीणा, जफरु खान, पूर्व प्रधान शिवलाल गुर्जर आदि मौजूद रहे।

बूढ़ी गणगौर की निकली सवारी

मनोहरपुर। स्थानीय कस्बे सहित आसपास के समूचे क्षेत्र में गणगौर का पर्व सोमवार को श्रद्धा के साथ मनाया गया। कस्बे के धूलेश्वर कॉलेज प्रांगण में गणगौर का मेला लगा जिसमे मेले में आए हुए लोगो ने झूला झूलकर आइसक्रीम खाकर मेले का आनन्द लिया।मनोहरपुर में गणगौर की सवारी नगर पालिका प्रांगण से बड़े ही धूमधाम व गाजे बाजे और लवाजमे के साथ निकली। महिलाओं ने 16 श्रृंगार कर मां गौरी के रूप में गणगौर माता की पूजा की ! इस बार गणगौर का पर्व सोमवार को होने से खास रहा यह दिन शिव पार्वती की पूजा के लिए विशेष माना जाता है। महिलाओं ने गोर गोर गोमती का गायन कर पूजा कर माता से अखंड सुहाग की कामना की कई विवाहितों ने गणगौर का उद्यापन कर 16 सुहागिन महिलाओं को भोजन करवा कर सुहाग की वस्तुएं दी इससे पहले रविवार को सिंजारा मनाया गया घरों में महिलाओं ने मेहंदी लगाई नव विवाहितों के ससुराल से सिंजारा आया नव विवाहितों में पहले सिंजारे का क्रेज भी देखने को मिला इस पर्व पर घेवर व मिठाई की बिक्री खूब रही। कस्बे के नगर पालिका से मंगलवार को बूढ़ी गणगौर सवारी निकाली गई।जानकारी देते हुए सफाई प्रभारी श्योराम जाट ने बताया कि यह बूढ़ी गणगौर सवारी नगर पालिका मनोहरपुर से शुरू हुई जो इंद्रा कॉलोनी, छिपीयों का मोहल्ला शांतिनगर होते हुए धूलेश्वर महाविद्यालय तक निकाली गई।इस दौरान जगह जगह रास्ते में महिलाओं द्वारा बूढ़ी गणगौर की पूजा की गई।इस दौरान मामराज,मोती राम राजू रूप बसंत रवि मौजूद रहे।

'प्रभावी मॉनिटरिंग कर आमजन को पानी की आपूर्ति कराएं'

- जिला सचिवालय पर साप्ताहिक बैठक में पानी बिजली चिकित्सा सहित विभिन्न विभागों की समीक्षा की

जिला सचिवालय खैरथल पर साप्ताहिक समीक्षा बैठक लेते एडीएम शिवपाल जाट।

खैरथल। खैरथल तिजारा जिला सचिवालय खैरथल पर मंगलवार को एडीएम शिवपाल जाट की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में आगामी ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए पेयजल व्यवस्था की प्रभावी मॉनिटरिंग एवं पेयजल सम्बन्धी शिकायतो के त्वरित निस्तारण हेतु समीक्षा करते हुए जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित करने सहित संपर्क पोर्टल पर लंबित चल रहे परिवादों का समय पर निस्तारण कर आमजन को राहत पहुंचाने एवं एवरेज डिस्पोजल टाइम में सुधार करने के निर्देश दिए गए।

जिला सचिवालय खैरथल पर आयोजित हई विभिन्न विभागों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक लेते हुए एडीएम शिवपाल जाट ने पीएचडी विभाग के अधिकारियों से आगामी ग्रीष्म ऋतु को घ्यान में रखते हुए पेयजल आपूर्ति करने की दिशा में की गई तैयारीयों की समीक्षा की ओर त्वरित समाधान के लिए जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित करने के निर्देश दिए। बैठक में पीएचईडी अधिकारी ने एडीएम जाट को अवगत कराया कि आगामी ठीष्म ऋतु में जिले की पेयजल व्यवस्था की प्रभावी मोनेटरिंग एवं पेयजल सम्बन्धी शिकायतो के त्वरित निस्तारण हेतु जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष (कन्ट्रोल रूम) कार्यालय अधिक्षण अभियन्ता, जन स्वास्थय अभियान्त्रिकी विभाग, वृत खैरथल में स्थापित किया जा चुका है। जिसके दूरभाष नं. 01460-298735 है।

आम नागरिक दूरभाष नंबर पर अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं तथा व्हाट्सएप नंबर 7374917525 पर भी लिखित शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। नियंत्रण कक्ष 31 जुलाई तक सुचारू रूप से संचालित किया जाएगा। एडीएम शिवपाल जाट ने बैठक में अधिकारियों को संपर्क पोर्टल पर लंबित चल रहे परिवादों का समय पर निस्तारण कर आमजन को राहत पहुंचाने एवं एवरेज डिस्पोजल टाइम में सुधार करने के निर्देश दिए और संपर्क पोर्टल पर विभागवार पेंडेंसी की समीक्षा कर 30 दिवस से ऊपर लंबित परिवादों को निस्तारित करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में सीएमएचओ को मौसम में बदलाव को देखते हुए मौसमी बीमारियों के रोकथाम के लिए उपयुक्त उपाय सुनिश्चित करने के साथ बीमारियों की रोकथाम की निरन्तर मॉनिटरिंग करते हुए अस्पतालों में सुविधाऐं बढाने, मरीजों को सरकारी योजनाओं का लाभ देने एवं नियमित रूप से जनता क्लीनिकों एवं चिकित्सा संस्थानों के निरीक्षण करने व समाज कल्याण विभाग को पालनहार व पेंशन सत्यापन शत प्रतिशत पूर्ण करने, विद्युत निगम को विभागीय योजनाओं के अनुसार पात्र लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी विभाग अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ बजट घोषणाओं सहित अन्य विकास कार्यों को तय समय में गुणवत्ता के साथ पूरा करने के लिए कहा।

समस्या के तत्काल निराकरण के दिए निर्देश

पावटा। विधानसभा के विकास और जनता की समस्याओं के लिए निरंतर कार्य करते हुए विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड ने ग्राम भांकरी निवास पर जनसुनवाई के तहत जनता से रूबरू हुए। जनसुनवाई के माध्यम से क्षेत्रवासियों की समस्याओं को सुना और वहां उपस्थित समस्त शासकीय विभागों के अधिकारियों को उनके तत्काल निराकरण के लिए निर्देश दिए। विधायक कुलदीप धनकड ने कहा कि क्षेत्र में जनता की समस्याओं से अवगत होने व उसके निराकरण के लिए जनसुनवाई मे बहुत से क्षेत्रवासी अपनी समस्या, क्षेत्र में व्यापत विभिन्न आवश्यकताओं को लेकर पहुंचे। इसमें कुछ ऐसी समस्याएं जिनका यथास्थल पर तत्काल निराकरण किया गया है और बाकि मांगों, सुझावों व समस्याओं के लिए यहां उपस्थित अधिकारियों को तत्काल निराकरण के लिए निर्देश भी दिए हैं। वही जयपुर देहात उत्तर के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर बाबा बालनाथ आश्रम अहिर की बावड़ी पर परम पूज्य संत श्री बस्तीनाथ महाराज के सानिध्य में वर्ष पर्यन्त चल रहे रूद्र महायज्ञ के समापन कार्यक्रम 06 अप्रेल 2025 को गृहमंत्री भारत सरकार अमित शाह, राजस्थान सरकार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केंद्रीय मंत्री भारत सरकार भुपेंद्र यादव के आगमन की तैयारियों को लेकर सभी व्यवस्थाओं पर विचार-विमर्श किया।

निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए विद्युत तंत्र को सुदृढ़ करें : कलेक्टर शुक्ला

- पीएम सूर्य घर योजना से शत-प्रतिशत घरेलू उपभोक्ताओं को जोड़ने के लिए कैंप लगाकर आमजन को प्रेरित करने के लिए किया निर्देशित

विद्युत विभाग अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेते जिला कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला।

अलवर। जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने मंगलवार को विद्युत विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर ग्रीष्म ऋतु में निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए जिले के विद्युत तंत्र को सुदृढ करने एवं पीएम सूर्यघर योजना में शत-प्रतिशत घरेलू उभोक्ताओं को जोडने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये है। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को पावर ट्रांसफार्मर की क्षमता में वृद्धि करने, ढीले तारों को कसवाने, नए ट्रांसफार्मर लगाए जाने एवं खराब ट्रांसफार्मरों को दुरूस्त करवाने के लिए भी निर्देशित किया है।

जिला कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला ने बैठक में समीक्षा कर अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिये कि ठीष्म ऋतु में आमजन की विद्युत की मांग को दृष्टिगत रखते हुए विद्युत तंत्र में किए जा रहे सुधारों में तेजी लाए। उन्होंने बजट में की गई घोषणाओं की समीक्षा कर धरातल पर क्रियान्विति हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि फील्ड मॉनिटरिंग व्यवस्था को मजबूत करें। आमजन की विद्युत से संबंधित शिकायतों का त्वरित निराकरण करावें। इसके लिए नियंत्रण कक्ष निरन्तर सक्रिय रहे।

बैठक में कलेक्टर ने पीएम सूर्यघर योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि योजना के तहत जिले में अभी तक 680 सोलर कनेक्शन जारी हुए हैं। इसमें गति लाकर और अधिक नए कनेक्शन जारी करावे। साथ ही उन्होंने निर्देश दिये कि योजना से सभी घरेलू उपभोक्ताओं को जोडने के लिए कार्य योजना बनाकर उसे अमल में लाएं। इस योजना से लाभांवित होकर शून्य बिल का लाभ उठा रहे उपभोक्ताओं के अनुभव आदि के बारे में आम उपभोक्ताओं को अवगत करावे तथा सहायक अभियन्ता को कैम्प आयोजित कराकर योजना का अधिकाधिक प्रचार-प्रसार कराकर आमजन को सोलर कनेक्शन कराने हेतु प्रेरित करने के लिए कहा।

बैठक में जयपुर विद्युत वितरण निगम के अधीक्षण अभियन्ता सुधीर पाण्डे ने कलेक्टर को अवगत कराया कि विद्युत तंत्र में सुधार हेतु शहर में पावर ट्रांसफार्मर की क्षमता में 21 एमवीए की वृद्धि की गई है। अगले एक महीने में 16 एमवीए क्षमता के 2 नए 33/11 केवी जीएसएस शुरू करने की योजना तैयार की गई है। उपभोक्ताओं को सतत विद्युत सप्लाई बनाए रखने के उद्देश्य से अलवर शहर में 16 नए 11 केवी फीडर चालू किए गए हैं और 98 नए ट्रांसफार्मर विभिन्न कॉलोनियों में लगाए गए हैं। उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए शहर में 3 नए कॉल सेंटर बनाए हैं जो निरन्तर कार्यकरत रहेंगे और शिकायत के निराकरण हेतु शहर में 10 एफआरटी गाडियां भी कार्यरत हैं। विद्युत विभाग के अधिशाषी अभियन्ता महेश देसवाल सहित सहायक अभियन्ता एवं संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

मिनी सचिवालय पर पानी की समस्या के त्वरित निदान के लिए वार रूम स्थापित। जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देशन पर शहर की पेयजल संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण हेतु मिनी सचिवालय के कमरा नंबर 108 में वॉर रूम स्थापित किया गया है जिसके दूरभाष नम्बर 0144-2338000 हैं। अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय श्री योगेश कुमार डागुर ने बताया कि वॉर रूम अलवर शहर की पेयजल समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु राजकीय अवकाश सहित 24 7 निरन्तर कार्य करेगा।

जेसीबी सहित पांच गिरफ्तार

नारायणपुर। कस्बे में दबंग लोगों द्वारा एक गरीब परिवार की जमीन पर जबरन कब्जा करने का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार ने बताया कि 31 मार्च की देर शाम करीब 7:30 बजे आधा दर्जन लोग हाथ में लाठी-डंडे लेकर और जेसीबी मशीन के साथ आए। उन लोगों ने आते ही जमीन खाली करने का आदेश दिया और दावा किया कि यह जमीन उनकी है। इसके बाद दबंगों ने जबरन कब्जा करने की नीयत से जेसीबी मशीन चलाने का प्रयास किया। पीड़ित परिवार ने इसका विरोध किया और तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दबंगों को कब्जा करने से रोक दिया। पुलिस ने मौके से जेसीबी मशीन और उसके चालक सहित कुल 5 लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

थानाधिकारी ओमप्रकाश मीणा ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में गिर्राज (34) पुत्र जयराम जाति गुर्जर निवासी धाबाई की ढाणी, रोहित (32) पुत्र प्रहलाद जाति खटीक निवासी नारायणपुर, कालू राम (19) पुत्र रोहिताश जाति गुर्जर निवासी मानकोट थानागाजी, प्रीत (25) पुत्र महेंद्र जाति खटीक निवासी नारायणपुर और प्रताप (60) पुत्र शिम्भूदयाल जाति नायक निवासी मोहल्ला बास बैरिसाल शामिल हैं। पुलिस ने इन सभी आरोपियों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है और फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। इधर नगरपालिका अधिशासी अधिकारी विशाल यादव ने बताया कि आबादी भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसे रोक दिया गया है। उन्होंने कहा कि यदि किसी के पास कब्जे का वैध दावा है।